**प्रेस नोट**
**दिनांक 18.08.2025**
**संपूर्ण समाधान दिवस**
**जनपद गोण्डा।**

**जिलाधिकारी गोण्डा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील कर्नलगंज में जनसमस्याओं को सुना गया एवं उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया-**

आज दिनांक 18.08.2025 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में मनकापुर तहसील गोण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अधिकारीगणों द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना-पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

**इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, उपजिलाधिकारी कर्नलगंज, क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज, प्र0नि0 कर्नलगंज सहित राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 18.08.2025**

## थाना परसपुर पुलिस द्वारा 01 नफर वाहन चोर को किया गया गिरफ्तार, 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद -

**कार्यवाही-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री अभिषेक दवाच्यॉ के नेतृत्व में थाना परसपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 360/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना परसपुर जनपद गोण्डा से सम्बन्धित अभियुक्त शिवांश सिंह उर्फ सिब्बू पुत्र समर जीत सिंह ग्राम धोबही गजसिहपुर थाना परसपुर जनपद गोण्डा को भौरीगंज बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

मो० अकबाल पुत्र मो० अली निवासी करनैलंगज थाना कोतवाली करनैलगंज गोण्डा द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि दिनांक 17.08.2025 को मोटरसाइकिल से अपने ननिहाल भौरीगंज बाजार आया था, भौरीगंज बाजार में एक दुकान पर मोटरसाइकिल खड़ी करके सामान खरीद रहा था, तभी दुकान को बाहर से विपक्षी शिवांश सिंह उर्फ सिब्बू पुत्र समर जीत सिह ग्राम धोबही गजसिंहपुर थाना परसपुर-गोण्डा मेरी मोटर चुराकर ले जाने लगा, वादी द्वारा विपक्षी को मोटर साईकिल लेकर जाते समय देख लिया तो दौड़कर उसे पकड़ लिया गया। तहरीर के आधार पर थाना परसपुर में 360/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ। थाना परसपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त शिवांश सिंह उर्फ सिब्बू पुत्र समर जीत सिंह ग्राम धोबही गजसिहपुर थाना परसपुर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल को कब्जे में लिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. शिवांश सिंह उर्फ सिब्बू पुत्र समर जीत सिंह ग्राम धोबही गजसिहपुर थाना परसपुर जनपद गोण्डा

**बरामदगी-**

01. 01 अदद मोटरसाइकिल एच.एफ डिलक्स नं0- UP43AS7139

**गिरफ्तारकर्ता टीम-**

01. हे0मो0 आशुतोष पाण्डेय

**मीडिया सेल, गोण्डा।**